# 360668 - बिटकॉइन खरीदने और बेचने का क्या हुक्म है ?

## प्रश्न

हाल के समय में, कई कंपनियों द्वारा बिटकॉइन वग़ैरह सहित डिजिटल मुद्राओं का लेनदेन और उसकी मान्यता बढ़ गई है। मैं बिटकॉइन में निवेश करने का हुक्म जानना चाहता हूँ, लेकिन मैं इस मामले में शरीयत के हुक्म की जानकारी न होने के कारण, इससे रुका हुआ हूँ, तो इसके बारे में शरीयत का हुक्म क्या है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यह करेंसी (मुद्रा) अभी भी अज्ञात है, और बहुत सारे रहस्यों, आशंकाओं, भय और जोखिमों से घिरी हुई है।

इसलिए हम आपको इसमें निवेश करने की सलाह नहीं देते है यहाँ तक कि इसकी सच्चाई स्पष्ट हो जाए और उन लोगों का पता चल जाए, जो इसके पीछे खड़े हैं।

अभी तक, हमें इसकी वस्तुस्थिति से यह स्पष्ट नहीं हुआ है जो हमें इसके बारे में शरई फतवा जारी करने की अनुमति दे।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।